# संवाद पत्र

पूर्वोत्तर सीमा रेल
निर्माण संगठन

अंक 28 | वर्ष : सप्तम | त्रैमासिक | अक्तूबर, 2013


## स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2013



राष्ट्र के 67वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्री राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण ने संगठन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को आंतरिक शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने आजादी के शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देश के विकास के लिए अपने-आप को निष्ठापूर्वक समर्पित होने के लिए आग्रह किया। संगठन के प्रमुख होने के नाते उन्होंने गर्व महसूस करते हुए यह व्यक्त किया कि निर्माण संगठन देश के सुदूरवर्ती इलाकों में रेल संयोजन के विकास के उद्देश्य को पूरा करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी जिनके सराहनीय योगदान के फलस्वरूप पूर्वोत्तर सीमा रेल, निर्माण संगठन के अस्तित्व में आने के पश्चात 637 कि.मी. नई लाइनें, 1839 कि.मी. आमान परिवर्तन, 276 कि.मी. दोहरीकरण तथा ब्रह्मपुत्र के ऊपर 2 बड़े पुलों का निर्माण संभव हो पाया है। इस उत्साह को बरकरार रखने के लिए उन्होंने सभी से आग्रह किया। समारोह के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस, 2013 के अवसर पर आयोजित चित्रांकण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों तथा उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए निर्माण संगठन के विभिन्न विभागों को पुरस्कार प्रदान किया।



## विवाचन (ARBITRATION) पर प्रस्तुतिकरण



दिनांक 16.09.2013 को पू.सी. रेल/निर्माण संगठन के सभाकक्ष में श्री आर.के. यादव, मुख्य इंजीनियर/निर्माण, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा विवाचन (Arbitration) पर एक प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें निर्माण संगठन तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल, मुख्यालय के अधिकारियों ने भाग लिया।


| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादक | सहयोग |
|---|---|---|---|
| श्री राजेश कुमार सिंह | श्री हरपाल सिंह | श्री पी.के. सिंह | श्रीमती रंजु झा |
| महाप्रबंधक/निर्माण | मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | उप मुख्य राजभाषा अधिकारी/नि. | वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी/नि. |

# प्राक्क्लन समिति, लोकसभा का दौरा



प्राक्कलन समिति, लोकसभा के सदस्यों के साथ श्री राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण तथा श्री आर.एस.विर्दी, महाप्रबंधक, पू.सी. रेल

प्राक्क्लन समिति, लोकसभा ने दिनांक 29-09-2013 तथा 30-09-2013 को इंफाल का दौरा किया और पूर्वोत्तर सीमा रेल के रेल परियोजनाओं की योजना एवं कार्यान्वयन की समीक्षा की।

## नगालैंड के राज्यपाल तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण के बीच बैठक

दिनांक 20-08-2013 को नगालैंड के तूली में नगालैंड के राज्यपाल तथा पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण के बीच एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण-1 सम्मिलित हुए। इस बैठक में नगालैंड राज्य में चालू रेल परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई।

## परियोजना की समीक्षा

माननीय मुख्यमंत्री, त्रिपुरा ने दिनांक 22-09-2013 को आयोजित बैठक में राज्य की रेल परियोजना की समीक्षा की।

## मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों का सेमीनार

इरीसेन, पुणे में 18 तथा 19 जुलाई, 2013 को मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों का सेमीनार आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न तकनीकी तथा संविदा संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

# सदभावना दिवस का आयोजन



दिनांक 21-08-13 को सदभावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अखंडता एवं सांप्रदायिक सदभावना को बरकरार रखने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

# राजभाषा सप्तााह समारोह, 2013



राजभाषा सप्ताह समारोह, 2013 का शुभारंभ करते हुए
श्री राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण

श्री राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक/निर्माण ने दिनांक 16.09.2013 को दीप प्रज्ज्वलित कर पूर्वोत्तर सीमा रेल/निर्माण संगठन का राजभाषा सप्ताह समारोह, 2013 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय गृह मंत्री , भारत सरकार का हिंदी दिवस संदेश की छाया प्रति अधिकारियों के बीच वितरित की गई। महाप्रबंधक/निर्माण ने अपने संबोधन में भारत संघ की राजभाषा के बारे में संविधान में दिए गए प्रावधानों को दोहराते हुए अधिकारियों/ कर्मचारियों को सभी सामान्य कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए कहा। इस अवसर पर अधिकारियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस समारोह के साथ ही निर्माण संगठन में हिंदी-सप्ताह, 2013 की शुरूआत हुई। राजभाषा सप्ताह के उपलक्ष्य में राजभाषा अनुभाग/निर्माण द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों यथा कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, निबंध, हिंदी वाक् तथा रेलकर्मियों के बच्चों के लिए हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दिनांक 20.09.2013 को विभिन्न प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच महाप्रबंधक/नि के कर कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान के साथ ही समारोह का समापन घोषित किया गया।



हिंदी कविता पाठ के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए महाप्रबंधक/निर्माण



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी को पुरस्कार प्रदान करते हुए महाप्रबंधक/नि.

## स्थानांतरण /पदस्थापन

श्री बी.के. तिरकी, मुख्य इंजीनियर/नि/5 का दिनांक 1.8.2013 को सीबीई/पू.सी. रेल के पद पर स्थानांतरण हुआ।

श्री बी.हजारिका, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि का दिनांक 2.8.2013 को अपर मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग/पू.सी. रेल के पद पर स्थानांतरण हुआ।

श्री आर.डी.मीणा, उप मुख्य बिजली इंजीनियर/टीएल/मुख्यालय दिनांक 02.08.2013 को उप मुख्य बिजली इंजीनियर/नि/ लामडिंग के पद पर पदस्थापित हुए।

श्री टी.टी. भूटिया, उप मुख्य इंजीनियर/नि/जिरिबाम-2 का दिनांक 8.8.2013 को उप मुख्य इंजीनियर/नि/सिलापथार-2 के पद पर अस्थायी रूप में स्थानांतरण हुआ।

श्री अनिल कुमार, उप मुख्य/इंजीनियर/नि/सामान्य का दिनांक 23.8.2013 को उप मुख्य इंजीनियर/नि/योजना-2 के पद पर स्थानांतरण हुआ।

श्री सुशील कुमार, उप मुख्य इंजीनियर/नि/सामान्य-1 का दिनांक 23.8.2013 को उप मुख्य इंजीनियर/नि/सामान्य के पद पर स्थानांतरण हुआ।

## स्वागत

श्री जे.पी.वर्मा, एस.ए.जी/आई.आर.एस.ई दिनांक 04.09.2013 को मुख्य इंजीनियर/ निर्माण/3 के पद पर पदस्थापित हुए।

श्री एम. सुभाष, जे.ए.जी/आई.आर.एस.ई दक्षिण मध्य रेल दिनांक 05.09.2013 को उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/इंफाल-3 के पद पर पदस्थापित हुए।

## बधाई

### अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

01 जनवरी, श्री मदन सेन. मुख्य इंजी./नि/2
01 जनवरी, श्री जी.सी. सरकार, उप मुख्य इंजी./नि/रंगिया
01 जनवरी, श्री के.एन. तालुकदार, उप मुख्य इंजी./नि/योजना-1
01 जनवरी, श्री राजू कुमार दास, उप मुख्य इंजी./नि/सा/2
01 जनवरी, श्री एस.जे. मंडल, उप मुख्य इंजी./नि/निविदा
06 जनवरी, श्री सुरेंद्र सिंह, भंडार नियंत्रक/नि
10 जनवरी, श्री के.ए. नारायण, उप मु.सि.एवं दूरसंचार इंजी./नि/सर्वे
12 जनवरी, श्री अनिल कुमार, उप मुख्य इंजी./नि/योजना-2
12 जनवरी, श्री एन.जी. सीटे, उप वि.स. एवं मुलेधि/नि/सिलचर
15 जनवरी, श्री डी.एन. प्रसाद, उप वि.स. एवं मुलेधि/नि/एनजेपी
31 जनवरी, श्री एम.के.गर्ग, उप मुख्य इंजी./नि/लामडिंग/3

# राष्ट्रीय परियोजनाएं

**लमडिंग-बदरपुर-सिलचर, अरूणाचल-जिरिबाम तथा बदरपुर-कुमारघाट आमान परिवर्तन (377.56 कि.मी.) और बरईग्राम-दुल्लभछेरा (29.4 कि.मि.), करीमगंज-मैशासन (10.3 कि.मी) और करीमगंज बाईपास लाइन (3.0 कि.मी.) का आमान परिवर्तन हेतु सामग्री आशोधन (कुल-420.26 कि.मी.) :**

माह के दौरान कुल 746.53 लाख क्यूबिक मीटर में से 697.143 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 420.14 कि.मी. में से 345.26 कि.मी. फार्मेशन, 11264 मीटर में से 9343.45 मीटर सुरंग (कुल 17 सुरंग में से 12 सुरंग पूरा कर लिया गया और शेष 5 सुरंग का कार्य प्रगति पर है), 1443 मीटर में से 932 मीटर कट एंड कवर, 102 बड़े पुलों में से 90 की उप संरचना और 138 बड़े पुलों में से 108 की अधिसंरचना, 723 में से 610 छोटे पुलों, 11.006 लाख क्यूबिक मीटर में से 7.4164 लाख क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति, 420.14 कि.मी. में से 240.92 कि.मी. ट्रैक लिंकिंग, 39 में से 34 स्टेशन भवनों एवं 619.011 हेक्टेयर में से 576.242 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण इस परियोजना की संचयी प्रगति रही।

**जिरिबाम - तुपुल तक नई बीजी लाइन ( 84 कि.मी.)**

माह के दौरान 3.2 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य और 716.98 आरएम सुरंगीकरण का कार्य पूरा किया गया। सेक्शन में 2 अदद सुरंगों का कार्य पूरा किया गया। 1308.80 हेक्टेयर भूमि में से 1263.3 हेक्टेयर भू-अधिग्रहण, 523.89 लाख क्यूबिक मीटर में से 421.45 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 83.7 कि.मी में से 13.20 कि.मी फॉर्मेशन, 112 में से 33 छोटे पुल, सभी आरओबी (3 अदद), सभी आरयूबी (2 अदद), 2,32,000 में से 31,500 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति और 39,301 आरएम में से 10935.9 आरएम सुरंगीकरण, 83.7 कि.मी. में से 12.0 कि. मी. मुख्य लाइन का ट्रैक लिंकिंग एवं 10.7 कि.मी. में से 1.20 कि. मी. लूप लाइन का ट्रैक लिंकिंग और 6 में से 1 आरबीजी सहित स्टेशन भवन तैयार किया गया।

**बालीपाड़ा-भालुकपोंग फिंगर लाइन सहित रंगिया-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन (कुल-512 कि.मी.)**

संपूर्ण रंगिया-रंगापाड़ा नॉर्थ-डेकारगांव (145 कि.मी.) सेक्शन के लिए ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूरा किया गया तथा इंजन चलाया गया। सीआरएस निरीक्षण शीघ्र ही किया जाएगा।

रंगापाड़ा नॉर्थ-नॉर्थ लखीमपुर (172 कि.मी.) सेक्शन के लिए ट्रैक लिंकिंग का कार्य पूरा किया गया तथा दिनांक 24 से 26 मार्च, 2013 को इंजन चलाया गया।

माह के दौरान रंगापाड़ा नॉर्थ-नॉर्थ लखीमपुर सेक्श्न में आरबीजी सहित 2.8 कि.मी. लूप लाइन तथा 2 अदद स्टेशन भवन पूरे किए गए।

**बोगीबिल के निकट ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों पर लिंक लाइनों सहित रेल-सह-सड़क पुल**

माह के दौरान साउथ बैंक पर पी-3, पी-4 और पी-5 के फेंडर वाल पर प्रथम लिफ्ट कॉस्टिंग का कार्य पूरा किया गया। पुल के उत्तरी तट तथा दक्षिणी तट रेल लिंक पर तटबंध, बड़े एवं छोटे पुलों, स्टेशन निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

जल स्तर में लगभग 2.0 मीटर की बढ़ोतरी के कारण ब्रह्मपुत्र नदी के अंदर के सभी कार्य बंद कर दिए गए हैं।

**तेतेलिया - बरनीहाट तक नई बीजी लाइन (21.50 कि. मी.) (आजरा-बरनीहाट नई लाइन का वैकल्पिक संरेखण)**

माह के दौरान 20,000 क्यूबिक मीटर भू-कार्य पूरा किया जा चुका है।

डीएफओ द्वारा 15.57 हेक्टेयर वन भूमि को अनारक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा सीसीएफ/सेंट्रल असम, गुवाहाटी को दिनांक 10-04-2013 को भेजा गया। सीसीएफ/सेंट्रल, गुवाहाटी ने दिनांक 18-05-2013 को फील्ड दौरा पूरा किया। इस प्रस्ताव को अतिरिक्त पीसीसीएफ (टी)/असम को दिनांक 14-06-2013 को अग्रेषित किया गया है तथा उसी को अतिरिक्त पीसीसीएफ एवं नॉडल अधिकारी (एफ सी अधिनियम)/असम को दिनांक 20-06-2013 को अग्रेषित किया गया है।

**बरनीहाट से शिलांग तक नई बीजी लाइन (108.4 कि.मी.)**

18 कि. मी. लंबाई तक भू-योजना कार्य पूरा कर लिया गया तथा सेक्शन 4 (1) के अधीन अधिसूचना के लिए उपायुक्त/रिभोई को सौंप दिया गया। खासी स्टूडेंट यूनियन (केएसयू) द्वारा विरोध करने के कारण शेष भाग में फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य नवंबर, 10 तक स्थगित किया गया था।

दिनांक 21-06-2013 को प्रमुख सचिव/राजस्व के साथ आयोजित बैठक में भूमि अधिग्रहण मामले के समाधान के लिए आग्रह करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि भूमि प्रस्ताव मामले पर निर्णय के लिए शीघ्र ही मेघालय सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा।

दिनांक 23-08-2013 को मुख्य सचिव, मेघालय सरकार एवं मुख्य इंजीनियर/नि/2/मालीगांव के बीच दूसरी बैठक आयोजित की गई। शिलांग में दिनांक 28-01-2012 को कैंप ऑफिस भवन का शुभारंभ किया गया। पहली मंजिल तक रूफ स्लैब की कास्टिंग कर दि गई है एवं अन्य कार्य प्रगति पर है।

**अगरतला से सबरूम तक नई बीजी लाइन ( 110 कि.मी.)**

अगरतला से सबरूम तक सम्पूर्ण लंबाई के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे का कार्य तथा भूमि पर संरेखण की स्टेकिंग का कार्य पूरा किया गया। भू-तकनीकी जाँच भी पूरी कर ली गई है। 61,000 क्यूबिक मीटर भू-कार्य पूरा किया गया। 825.27 में से 550.24 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण, 265.35 लाख क्यूबिक मीटर में से 59.92 लाख क्यूबिक मीटर भू-कार्य, 114.39 कि.मी में से 10.70 कि.मी. फॉर्मेशन, 28 में से 7 बड़े पुलों, 248 में से 64 छोटे पुलों, 77 अदद में से 19 आरओबी, 41 अदद में से 14 आरयूबी और 18 अदद में से 13 एलएचएस, 3,58,000 में से 22,000 क्यूबिक मीटर गिट्टी आपूर्ति, 11.40 कि. मी. ट्रैक लिंकिंग और 1 आरबीजी कक्ष सहित 2 स्टेशन भवन अब तक पूरा किया गया।

**सेवक - रंगपो तक नई बड़ी लाइन (44.33 कि.मी.)**

सेवक-रंगपो नई लाइन राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात महानंदा वन्य प्राणी अभयारण्य में 0.306 से 5.961 कि. मी. के बीच सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और भूमि पथांतर के लिए प्रस्ताव दिनांक 16-04-2013 को 0.306 कि. मी. से 5.961 कि. मी. के लिए डीएफओ, वन्य प्राणी मंडल, दर्जिलिंग को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

माझीतर स्टेशन का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है।

## वित्तीय निष्पादन

2012-13 में निष्पादन

♦ खर्च (लगभग) = 2843.74 करोड़ रूपये

2013-14 के लिए परिव्यय

♦ मांग-16 रेलवे = 2892.29 करोड़ रूपये
डीईपी = 70.00 करोड़ रूपये
कुल = 2962.29 करोड़ रूपये

2013-14 में खर्च

♦ सितंबर, 13 के दौरान खर्च (लगभग) = 124.60 करोड़ रूपये
+ 0.00 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य)
कुल = 225.55 करोड़ रूपये

♦ सितंबर, 13 तक संचयी खर्च (लगभग) = 1593.32 करोड़ रूपये
+ 0.00 करोड़ रूपये (निक्षेप कार्य)
कुल = 972.04 करोड़ रूपये

परिव्यय का खर्च (%) = 53.78 %

## सिगनल एवं दूरसंचार निर्माण कार्य

| कार्य | उपलब्धि | चालू करने की तिथि |
|---|---|---|
| ♦ रंगिया-रंगापाड़ा-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन परियोजना | रंगिया स्टेशन | 02.03.2013 |
| | खांडीकर स्टेशन | 18.04.2013 |
| | गोरेश्वर स्टेशन | 23.05.2013 |
| | खैराबाड़ी स्टेशन | 23.03.2013 |
| | टंगला स्टेशन | 06.06.2013 |
| | हरिसिंगा स्टेशन | 06.06.2013 |
| | उदालगुड़ी स्टेशन | 06.06.2013 |
| ♦ कटिहार-तेजनारायणपुर आमान परिवर्तन परियोजना | मनिहारी स्टेशन | 16.03.2012 |

## वर्कशॉप

| कार्य | प्रगति | लक्ष्य |
|---|---|---|
| ♦ न्यू बंगाईगांव-वर्कशॉप आरसीसी बाउंडरी वॉल | 70% | 3500 आरएम में से 2400 आरएम तक तथा 2.40 किमी पथ-वे में से 2.4 मीटर पथ-वे कार्य पूरा हुआ। बाउंडरी वॉल का कार्य पूरा किया गया। |
| ♦ सिलिगुड़ी जंक्शन डीज़ल शेड-100 लोकोमेटिव को रखने के लिए डीज़ल लोकोशेड का विस्तार | 95% | 31.08.2011 कार्य प्रगति पर है। |
| ♦ सिलिगुड़ी जंक्शन-डीज़ल बहुउद्देशीय यूनिट कारशेड के साथ रेल कार रख-रखाव की सुविधा | 100% | 31.3.11 कार्य पूरा हुआ और चालू किया गया। |

## वर्ष 2013-14 के लिए लक्ष्य निर्धारित कार्य

| |
|---|
| ♦ हारमुति-नहरलागुन नई लाइन |
| ♦ दुधनोई-मेंदीपथार नई लाइन |
| ♦ नॉर्थ लखीमपुर-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन |
| ♦ आमबाड़ी-फालाकाटा-बेलाकोबा दोहरीकरण |
| ♦ रंगिया-मुर्कोंगसेलेक आमान परिवर्तन |

## सर्वेक्षण

| क्रम सं | सर्वेक्षण का नाम | स्वीकृति वर्ष | राज्य | प्रगति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इंम्फाल से मोरेह | 2012-13 | मणिपुर | 95% |
| 2 | सायरंग से बिछुआ | 2013-14 | मिजोरम | 25% |
| 3 | पानीसागर से सिमनापुर | 2013-14 | त्रिपुरा | 25% |
| 4 | पाथरकांदी से कानमुम | 2013-14 | असम तथा मिजोरम | 25% |
| 5 | न्यू मैनागुड़ी से गुमानीहाट | 2012-13 | पश्चिम बंगाल | 100% |
| 6 | तेजनारायणपुर से साहेबगंज | 2012-13 | बिहार | 50% |

# सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों का विदाई समारोह



निर्माण संगठन में जुलाई, अगस्त तथा सितंबर 2013 में सेवानिवृत्त हुए निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किए गए। इन अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्त के भुगतान संबंधी चैक तथा स्वर्ण जड़ित चांदी के पदक प्रदान किए गए। निर्माण संगठन, सेवानिवृत्त हुए इन सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके सुखद सेवानिवृत्त जीवन व पारिवारिक समृद्धि की कामना करता है।



| क्रमांक | नाम | पदनाम | कार्यालय/विभाग | सेवानिवृत्ति माह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री डी.आर.भौमिक | काधी/नि | उप मुंजी./नि/डब्ल्यू/मालीगांव | जुलाई, 2013 |
| 2 | श्री गजेंद्र बरूवा | व.ट्रैकमेन | उप मुंजी./नि/डब्ल्यू/डिब्रूगढ़ | जुलाई, 2013 |
| 3 | श्री राम कृष्ण माझी | व.ट्रैकमेन | उप मुंजी/नि/डब्ल्यू/अलीपुरद्वार | जुलाई, 2013 |
| 4 | मो: ए.अहमद | वाहन चालक | उप मुंजी/नि/डब्ल्यू/सिलापथार | जुलाई, 2013 |
| 5 | श्री मदन चंद्र दास | स.सुरक्षा आयुक्त | महाप्रबंधक/नि/मालीगांव | अगस्त, 2013 |
| 6 | श्री मोहन सिंह | वाहन चालक | उप मुंजी/नि/न्यूजलपाईगुड़ी | अगस्त, 2013 |
| 7 | श्री के.के. राभा | मु.काधी/नि | उप मुंजी/नि/वर्क्स/मालीगांव | सितंबर, 2013 |
| 8 | श्री दुर्जय चक्रवर्ती | मु.काधी/नि | उप मुंजी/नि/जिरिबाम | सितंबर, 2013 |
| 9 | श्री ए. चक्रवर्ती | मुख्यटंकक/नि | उप मुंजी/नि/सर्वे/मालीगांव | सितंबर, 2013 |
| 10 | श्री स्वपन कु. सिकदार | व.लिपिक/नि | उप मुं.सि.व दूरसं.इंजी.नि/ मालीगांव | सितंबर, 2013 |
| 11 | श्री सुखदेव राउथ | ए सी एम/नि | उप मुं.बिजली.इंजी.नि/मालीगांव | सितंबर, 2013 |
| 12 | श्री माकसिद अली | व. ट्रैकमेन/नि | उप मुं.इंजी./नि/जिरिबाम | सितंबर, 2013 |

## चाँद

चाँद कितना सुंदर
चमकीला शीतल।
पाना चाहती हूँ उसे
बेकरार हूँ उसके लिये।

ईश्वर से कहती बार-बार
मिला दे चाँद से मुझे-एक बार।
समझकर मेरे दिल का हाल
ईश्वर का शायद पिघल गया मन
और पहुँचा दिया मुझे
चाँद के पास।

पर ये क्या!
ये वो चाँद नहीं
जिसे चाहा था मैंने।
ये ऊबड़-खाबड़ ज़मीन,
न हवा न पानी,
न कहीं जीवन की निशानी।

पलटकर देखा
धरती को चाँद से।
वह दीख रही थी
चमकीली, सुंदर।

महसूस करने के बाद,
चाँद का फीकापन।
वापस भागी मैं
अपनी धरती की ओर।

*- अपर्णा त्रिपाठी*
*उप वि.स. व मुलेधि/नि/3*

**मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता**
**शिक्षा नहीं वरन चरित्र है**
**और यही उसका सबसे बड़ा रक्षक है।**

**ज्ञान धन से उत्तम है**
**क्यों कि धन की हमें रक्षा करनी पड़ती है**
**और ज्ञान हमारी रक्षा करता है।**

## जीने की राह

पहले दुख को झेले तो सुख मिले,
यह जीवन का सत्यवचन है
जनम लेते ही जीने के लिए,
मानव संघर्ष करता है
हर कदम है संघर्षपूर्ण,
जीने की तमन्ना लेकर फिर भी
इंसान जान लड़ा देता है
हर दिन - अग्निपरीक्षा है,
मुकाबला करने का बल थम ही गया,
खुले आसमान में उड़ता पंछी,
न कोई चुनौती न कोई शिकवा,
कभी सोचता रहता हूँ मैं,
नहीं चाहिए ऐसी "रब की रहमत"
जंजीरों से बंधी हुई जिसकी ज़िंदगी,
उसका क्यों सुख और क्या है किस्मत
कभी उठकर गिर जाता हूँ मैं,
ललकार गूंजते हैं कानो में आकर,
उठो मम प्रिये, शपथ लो आज
लड़ो हकीकत से, निर्भय होकर,
दुख तो अनिवार्य है,
हैं-मगर प्रतिज्ञा से कम,
निरंतर जीवन में यह आते हैं,
इसे करो संहार, रखो सदा संयम,
सुख और दुख एक सिक्के के हैं दो पहलू
कभी खुशियाँ लाते हैं तो कभी ग़म,
कभी पैरों में जरीब, तो कभी सर पे चमकते हैं,
हैं कभी जन्नत तो कभी लाते जहन्नुम,
यदि काम समय पर न हो तो दुख आखिर बढ़ता है हरदम,
जो कल करे, सो आज कर, आज करे सो अब,
तो क्यों आयेंगा हमें ग़म,
जिंदगी को हम अनमोल खुशियाँ समझें,
नहीं तो ग़म का दरिया है,
सुख दुख कुछ नहीं है
बस अपना अपना नजरिया है।


- दीपक विश्वास
सहायक वित्त सलाहकार

## पूर्वोत्तर परिषद की बैठक

नई दिल्ली में दिनांक 16-07-2013 को पूर्वोत्तर परिषद की बैठक के 62वें प्लैनरी सत्र का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री की अध्यक्षता में पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य मंत्रियों, राज्यपालों तथा महाप्रबंधक/निर्माण/पू. सी. रेल आदि की उपस्थिति में आयोजित किया गया। उक्त सत्र में पूर्वोत्तर क्षेत्र की चालू रेल परियोजनाओं की समीक्षा की गई।



ब्रह्मपुत्र पर निर्माणाधीन बोगीबिल पुल का साउथ वायडाक्ट का दृश्य




जिरिबाम-तुपल नई लाइन परियोजना में निर्माणाधीन सुरंग का दृश्य